## खबर संक्षेप

### पूर्वी डोंगरे ने कक्षा 5 में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त की



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के रेड ब्रिज कान्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल में पूर्वी डोंगरे पिता राजेंद्र डोंगरे माता श्रीमती संगीता डोंगरे ने कक्षा पांचवी में 400 अंक में 356 अंक प्राप्त किया जिसमें 89% अंक प्राप्त करके शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया रेड ब्रिज स्कूल के प्रिंसिपल राकेश बैरागी एवं स्टाफ द्वारा पूर्वी डोंगरे की उज्जवल भविष्य की कामना की है उसके मेहनत और लगन के कारण शाला में प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला का नाम रोशन किया।

### विधान सोनी ने रेड ब्रिज स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत रेड ब्रिक इंग्लिश मीडियम स्कूल में विधान सोनी पिता विपिन सोनी ने कक्षा पांचवी में 400 में से 337 अंक प्राप्त किया और 84% अंक अर्जित कर अपनी स्कूल का नाम रोशन कर दिया समस्त स्टाफ एवं प्रिंसिपल राकेश बैरागी ने विधान सोनी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### ग्राम पंचायतों में बैंकिंग जागरूकता कार्यक्रम

**मण्डला।** गुरूवार को जिला के विकासखंडों की ग्राम पंचायतों में भारतीय रिजर्व बैंक के प्रोजेक्ट के अंतर्गत, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से 'समर्पित' संस्था द्वारा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में ब्लॉक काउंसलर्स के माध्यम से ग्रामीणों को बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया, विभिन्न सरकारी बीमा योजनाओं का लाभ कैसे लें, बैंकिंग धोखाधड़ी (साइबर फ्रॉड) से बचाव के उपाय के विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता बढ़ाना तथा लोगों को सुरक्षित और सशक्त बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना है।

## स्कूली ड्रेस खरीदने में पालकों का निकल रहा पसीना, नहीं मिल रही राहत

# शुल्क को लेकर विद्यालयों की मनमानी

*** दुकानदारों से वसूलते हैं मोटा कमीशन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जैसे-जैसे शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता आती जा रही है वैसे-वैसे ही शिक्षा के क्षेत्र में व्यापारियों का हस्ताक्षेप बढ़ने लगा है अब शिक्षा एक बड़े व्यापार का रूप ले चुकी है और यही कारण है कि पालकों की भावनाओं का भरपूर फायदा उठाते हुये शिक्षा के नाम पर व्यापार का गोरख धंधा जारी है।

शिक्षण संस्थान अब शिक्षा के अलावा वह सब कुछ बेचने को तैयार हैं जो एक बड़े हॉटल या बड़े मॉल में बिक रहा है। बोर्डिंग स्कूल हैं तो 5 स्टार सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही हैं और उसका मनमाना दाम वूसला जा रहा है। पुस्तकों के नाम पर ये निजी शिक्षण संस्थान हजारों रूपये प्रत्येक पालक से वसूलते हैं साथ ही उन दुकानदारों को भी नहीं छोड़ते जिनके माध्यम से ये पुस्तकें पालको को उपलब्ध हो रही हैं।

जिले में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही स्कूली किताबों की बढ़ती कीमतों ने अभिभावकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। निजी स्कूलों द्वारा निर्धारित दुकानों से ही किताबें खरीदने के दबाव और बाजार में मनमानी दरों पर बिक्री ने एक बार फिर निजी स्कूलों की मनमानी को उजागर कर दिया है। इस पूरे मामले को लेकर अभिभावकों में नाराजगी है और वे प्रशासन से जांच की मांग कर रहे हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी स्कूल खुलने से पहले अभिभावक अपने बच्चों के लिए किताबें खरीदने बाजार पहुंचने लगे हैं। लेकिन इस बार कीमतों में अचानक हुई वृद्धि ने उन्हें चौंका दिया। कई अभिभावकों का कहना है कि पिछले साल की तुलना में किताबों के सेट पर 20 से 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है। कक्षा 1 से लेकर कक्षा 10 तक के छात्रों के लिए किताबों के सेट 3 हजार से लेकर 8 हजार रुपये तक पहुंच गए हैं जो मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए भारी बोझ साबित हो रहे हैं। अभिभावकों का आरोप है कि कई निजी स्कूलों द्वारा उन्हें स्पष्ट रूप से निर्देश दिए जा रहे हैं कि वे केवल कुछ तय दुकानों से ही किताबें खरीदें। यदि कोई अभिभावक बाहर से किताब खरीदने की कोशिश करता है तो उसे या तो पूरी किताबें नहीं मिलतीं या फिर स्कूल द्वारा सूची में बदलाव का हवाला देकर मना कर दिया जाता है। कुछ मामलों में तो स्कूलों द्वारा यह भी कहा जाता है कि बाहर से खरीदी गई किताबें मान्य नहीं होंगी जिससे अभिभावक मजबूरी में महंगे दाम पर किताबें खरीदने को विवश हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन और कुछ चुनिंदा पुस्तक विक्रेताओं के बीच समझौता होता है जिसके तहत वही दुकानदार किताबें बेचते हैं और बदले में स्कूल को कमीशन दिया जाता है। यही कारण है कि किताबों की कीमतें बाजार दर से अधिक होती हैं और अन्य दुकानों पर वही किताबें उपलब्ध नहीं कराई जातीं। मंडला के कई अभिभावकों ने अपनी परेशानी साझा करते हुए बताया कि एक बच्चे की पढ़ाई का खर्च पहले ही काफी अधिक है ऐसे में किताबों की इतनी महंगी कीमतें उनके बजट को बिगाड़ रही हैं। एक अभिभावक ने कहा स्कूल फीस यूनिफॉर्म और अन्य खर्चों के बाद किताबों पर इतना खर्च करना बहुत मुश्किल हो गया है। साथ ही किताबों की सूची भी पारदर्शी होनी चाहिए और बाजार में आसानी से उपलब्ध होनी चाहिए। लेकिन मंडला में इन नियमों का खुलेआम उल्लंघन होता नजर आ रहा है। न तो किताबों की कीमतों पर नियंत्रण है और न ही बिक्री की प्रक्रिया में पारदर्शिता दिखाई दे रही है। एक स्थानीय दुकानदार ने बताया हम भी किताबें मंगाना चाहते हैं लेकिन स्कूलों से कोई सूची नहीं मिलती। इस पूरे मामले को लेकर अभिभावकों और सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन से जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो यह समस्या और गंभीर हो जाएगी। उन्होंने मांग की है कि किताबों की कीमतों की जांच की जाए। जिले में कई ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जहां निजी स्कूल स्वयं ही महंगी पुस्तकों की बिक्री कर रहे हैं और अभिभावकों को मजबूर किया जा रहा है कि वे इन्हीं पुस्तकों को खरीदें यह स्थिति न केवल अनुचित है बल्कि शिक्षा के मूल उद्देश्य के भी विपरीत है।




## हनुमान शेषनाग मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ चढ़ा विशेष श्रृंगार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नगर के जिला पंचायत के सामने स्थित प्रसिद्ध हनुमान शेषनाग मंदिर में इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। पूरे मंदिर को फूल-मालाओं और आकर्षक सजावट से सजाया गया जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ पूजन-पाठ से हुई। पंडित रामनाथ शास्त्री के द्वारा मंत्रोच्चार के बीच हनुमान जी महाराज का विशेष श्रृंगार अर्पित किया गया और उन्हें चोला अर्पित किया। इसके बाद हवन-पूजन का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति दी और सुख-समृद्धि कामना की। समाजसेवी सुधीर कांसकार ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव को विशेष रूप से मनाया गया। उन्होंने कहा कि हनुमान जी की प्रतिमा का विधिवत स्थापना एवं पूजन-अर्चन किया गया जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। वहीं पत्रकार परिषद जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल के द्वारा श्रद्धालुओं का प्रसाद वितरण किया। वहीं जिला पंचायत सीईओ श्री मीना दर्शन करने मंदिर पहुंचे जहां पर प्रसादी ग्रहण कर पंडित रामनाथ शास्त्री से आर्शीवाद लिया। वही इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वाधान में उदय चौक से भव्य हनुमान शोभायात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में युवा और बच्चे शामिल हुए। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। शोभायात्रा का जिला पंचायत के सामने भव्य स्वागत किया गया जहां श्रद्धालुओं ने फूल वर्षा कर स्वागत किया। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### जल गंगा संवर्धन अभियानः दिवाल लेखन के माध्यम से जनजागरूकता

**मण्डला।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, मंडला (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्य प्रदेश शासन) के निर्देशन में चलाए जा रहे 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत, कार्यपालक निदेशक एवं कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार गुरूवार को नवांकुर संस्था 'मां सरस्वती ग्राम विकास सेवा समिति, चांदगांव' (सेक्टर क्रमांक 5, विकासखंड मवई) द्वारा जल संचय अभियान के तहत दिवाल लेखन का कार्य किया गया। इस गतिविधि के माध्यम से ग्रामवासियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है। अभियान में नवांकुर संस्था के प्रमुख रतन पड़वार का विशेष योगदान रहा।

# मण्डला में निजी नलकूप खनन पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



**मध्यप्रदेश के मंडला जिले में संभावित पेयजल संकट को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री सोमेश मिश्रा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिले में निजी नलकूप (बोरवेल) खनन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है।**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, जिले के कई विकासखंडों, मंडला, बिछिया, मवई, घुघरी, नैनपुर, बीजाडांडी, नारायणगंज और निवास में जल स्तर लगातार गिर रहा है। ऐसे में आने वाले ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट गहराने की आशंका जताई गई है।

पूरे जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है, निजी एवं अशासकीय नलकूप खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है, बिना अनुमति कोई भी बोरिंग मशीन जिले में प्रवेश नहीं कर सकेगी, नियमों का उल्लंघन करने पर मशीन जब्त कर एफआईआर दर्ज की जाएगी, आपात स्थिति में ही संबंधित अधिकारी की अनुमति से खनन की अनुमति दी जा सकेगी। यह प्रतिबंध शासकीय योजनाओं के तहत किए जाने वाले नलकूप खनन पर लागू नहीं होगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्वीकृत कार्यों को जारी रखने की अनुमति दी गई है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जेल और जुर्माने का प्रावधान शामिल है। यह आदेश 1 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रभावी रहेगा।

### हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य शोभायात्रा यात्रा में शामिल हुए विधायक नारायण सिंह पट्टा



**भुआबिछिया।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बाल हनुमान समिति जंतीपुर के द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें विशालकाय झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया, हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित इस भव्य शोभायात्रा ने पूरे नगर में हर्षोल्लास के साथ देर रात तक भ्रमण कराया ओर राम ओर हनुमान जी के जय करो से पूरा नगर गूंज उठा इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक हनुमान भक्त नारायण सिंह पट्टा ने भी यात्रा में शामिल होकर श्री राम-सीता संग लक्ष्मण हनुमान जी की झांकी का पूजन अर्चन कर शोभायात्रा में शामिल हुए वहीं क्षेत्र जन प्रतिनिधियो, युवाओं, नगरवासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस भव्य शोभायात्रा में विधायक नारायण सिंह पट्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवानंद गोस्वामी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, नगर परिषद के उपाध्यक्ष रानू राजपूत, युवा नेता अमन राजपूत टीका तुम्राली टोनी मिश्रा समेत सैकड़ो नगरवासी एवं समस्त जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। देर रात तक शोभा यात्रा पूरे नगर में जयकारों के साथ विचरण की।

**विरोध** | **हनुमान मंदिर के समीप स्थित शराब दुकान हटाने की मांग।**

# आये दिन बन रही विवाद की स्थिति







*** कांग्रेस ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

स्थानीय बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान को जनहित में हटाने की मांग अब तूल पकड़ने लगी है। शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नारायणगंज के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने तहसीलदार महोदय को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शराब दुकान की वर्तमान स्थिति पर कड़ा विरोध जताते हुए इसे तत्काल अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की गई है।

### आस्था और मर्यादा का हवाला

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि वर्तमान में संचालित यह शराब दुकान प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के बेहद समीप स्थित है। मंदिर में रोजाना श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है, लेकिन शराब दुकान पास होने के कारण वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे मंदिर आने वाली महिला श्रद्धालुओं और बच्चों को भारी असहजता का सामना करना पड़ता है।

### बस स्टैंड पर बढ़ती अव्यवस्था

ज्ञापन में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि सार्वजनिक स्थानः बस स्टैंड एक सार्वजनिक स्थल है जहाँ से सैकड़ों यात्रियों का आवागमन होता है। अनैतिक गतिविधियाँः शराब दुकान के कारण बस स्टैंड परिसर में आए दिन विवाद और गाली-गलौज की स्थिति बनी रहती है। सुरक्षा का प्रश्नः पास ही मुख्य बाजार और शैक्षणिक संस्थानों की ओर जाने वाला रास्ता है, जिससे छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई गई है।

### प्रशासन का आश्वासन

ज्ञापन स्वीकार करते हुए तहसीलदार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि इस शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे संबंधित विभाग (आबकारी विभाग) को रिपोर्ट भेजकर नियमों के तहत उचित कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, स्थानीय व्यापारी और ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में बस स्टैंड से कलारी हटाने के नारे भी लगाए।

### इनका कहना है :-

*धार्मिक स्थल के पास शराब की दुकान होना हमारी संस्कृति और जनभावनाओं के खिलाफ है। यदि प्रशासन ने समय रहते इस दुकान को यहाँ से नहीं हटाया, तो कांग्रेस कमेटी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।*

**-राजुल ज्योतिषी,**
**ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष**

## परीक्षा के विरोध में शिक्षकों ने लिया आंदोलन का निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संतोष सोनी की अध्यक्षता में जिला शाखा मंडला के प्रदेश पदाधिकारी, समस्त विकासखंड अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी, शिक्षक एवं मातृ शक्तियों के साथ बैठक आयोजित कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

जिला अध्यक्ष संतोष सोनी ने बताया कि 29 मार्च को भोपाल में TET परीक्षा के विरोध में प्रदेश स्तर पर 14 संगठनों ने मिलकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा का गठन किया है, मोर्चा ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की समीक्षा करते हुए निर्णय लिया कि पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर 8 अप्रैल को शासन के नाम ज्ञापन सोपा जाएगा, उसके पश्चात 11 अप्रैल को विकासखंड स्तर पर ज्ञापन सौंप कर विरोध दर्ज किया जाएगा, तत्पश्चात 18 अप्रैल को संपूर्ण जिले के शिक्षक भोपाल में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। साथ ही बैठक में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय में जाकर पुनर्विचार याचिका दायर करने का निर्णय लिया ।

### कर्मचारियों की मुख्य मांग

शिक्षकों के लिए TET परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने हेतु मध्य प्रदेश सरकार माननीय उच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल करें एवं परीक्षा से शिक्षकों को राहत प्रदान की जावे। मध्य प्रदेश सरकार अध्यापक शिक्षक के लिए नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना का आदेश जारी करें। आज की बैठक में सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया कि उक्त कार्यक्रम में जिले के समस्त शिक्षक साथी पूर्ण रूप से सहयोग करेंगे। बैठक में सागर पटेल, उदयकांत अवस्थी, आराधना कुशवाहा, मनीषा वर्मा, रेखा भलावी, अनीता सिंह, गीतांजलि, भावना तंतुवाय, दुर्गेश नंदिनी, अंजू लता चौधरी, मनोरमा राणा, जागेश्वरी उईके, स्वाती मिश्रा, प्रियंका पटेल, सरुपना पटेल, दिनेश कांड्रा, सेवन सिंह मरकाम, जोध सिंह धुर्वे, नरेंद्र चौहान, शेख रहमान, इंद्रेश तिवारी, राकेश राठौर, संतोष गायकवाड, संजय तिवारी, चंद्रभान धनगर, राजेश बाजपेई, प्रमोद कुमार दुबे, संजय साहू, चैन सिंह मरावी, सुरेश नामदेव, प्रदीप श्रीवास्तव, बसंत मिश्रा, मनीष सोनी, शैलेंद्र भारतीय, गंगोत्री वरकडे, द्रोपती मरावी, बुधराम डिवरिया, गनीराम, महेश पटेल, राधेश्याम मरकाम, शिवकुमार पदम, सुनीत ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# यातायात के लिये नासूर साबित हो रहा टेलीफोन एक्सचेंज एवं नगर के चीचली तिरहा के पास सड़क के किनारे लगने वाला साप्ताहिक बाजार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर में वाहन मालिकों से लेकर यातायात व्यवस्था की सच्चाई किसी से छिपी नही है। क्योंकि शहर के मुख्य मार्गो से लेकर कुलियों व कालोनियों में फैला हुआ अतिक्रमण यातायात के लिये बाधक बन रहा है तो दूसरी ओर वाहन मालिकों की मनमानी का नजारा इस तरह से देखने मिल रहे है कि वह अपने घरों के सामने मुख्य मार्गो पर जिस तरह बड़े बडें वाहनों को खड़ा करते देते है जो कई दिनों तक एक ही स्थान पर खड़े रहने के कारण जहां यातायात के लिये बाधक बनने से नही चूक पा रहे है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो इस तरह सड़को पर अघोषित रूप से कब्जा करते हुये वाहन खड़े करने वाले नगर के अनेक प्रभावशाली लोग होने के कारण प्रशासन के अधिकारी भी इनके खिलाफ कार्यवाही करने की हिम्मत नही जुटा पाने के कारण वह भी सोचते है कि जैसा चल रहा है वैसा चलता रहे अपन हे क्या लेना है...? मगर इसका परिणाम नगरवासियों के लिये भोगने के लिये मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि जहां तहां जाम की स्थिति बनने के कारण लोग परेशान होते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर यदि शहर से हटकर नगर की स्थिति पर नजर डाली जावे तो नगर के पलोटन गंज क्षेत्र यानि की जमाड़ा रोड़ टेलीफोन एक्सचेंज व रेल्वे स्टेशन मार्ग यानि की चीचली तिरहा के पास लगने वाला साप्ताहिक सब्जी बाजार पूर्णरूप से यातायात व्यवस्था के लिये जहां नासूर साबित होते हुये जान पड़ रहा है तो दूसरी ओर इस बाजार में रोजी रोटी कमाने की सोच से आने वाले दुकानदारों से लेकर आम लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक पा रही है..? नगर के टेलीफोन एक्सजेंच के पास प्रति सप्ताह यानि की शुक्रवार को लगने वाले इस सब्जी बाजार का हाल इस तरह से देखने मिलता है कि यहां पर कोई उपयुक्त जहां नही होने के कारण जहां सभी दुकानदार अपनी दुकाने मुख्य मार्ग के दोनों ओर लगाते है और सामग्री खरीदने के लिये पहुंचने वाले ग्राहक सड़क पर खड़े होकर ही खरीदारी करने के कारण शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक यहां की स्थिति इस तरह बन जाती है कि लोगों को







वाहन निकलने की बात तो दूर पैर रखने के लिये जगह मिल पाना भी मुश्किल हो जाता है। जबकि गौर किया जावे तो यह स्थान गाडरवारा से बारहाबड़ा की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग होने के कारण इस गांवों से दर्जनों गांवों के लोग प्रतिदिन शहर अपने बडे बडे वाहनों से आना जाना करते है तो दूसरी ओर क्षेत्र के अनेक गांवों के किसानों के ट्रेक्टर ट्राली भी इसी मार्ग से निकलते हुये देखे जाते है। इतना ही नही इस मार्ग से शहर में पढ़ाई करने वाले ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्र छात्राओं का निकलना भी होता है। इस प्रकार से मुख्य मार्ग पर लगने वाला यह साप्ताहिक बाजार यातायात के लिये जहां नासूर साबित तो हो ही रहा है दूसरी ओर इस बाजार में रोजी रोटी कमाने के लिये आने वाले दुकानदारों से लेकर उनके ग्राहकों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ने से नही चूक रही है? यह बात अलग है कि नगर के टेलीफोन एक्सचेंज व चीचली तिरहा पर लगने वाले इन साप्ताहिक बाजारों की सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के चलते कुछ साल पहले तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी सृष्टि देशमुख व तत्कालीन नगर पालिका अधिकारी ए पी गहिरवार द्वारा गंभीरता से लेते हुये शुक्रवार के दिन टेलीफोन आफिस के पास लगने वाले साप्ताहिक बाजार की जगह परिवर्तन करने के लिये प्रयास शुरू किये गये थें और इसी के चलते नाजूल की खाली पड़ी हुई भूमि पलोटन गंज से शासकीय चिकित्सालय की ओर जाने वाले मार्ग यानि की संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास नाप तोल कराते हुये वहां पर प्लेट फार्म का निर्माण कराते हुये शीघ्र ही इस साप्ताहिक बाजार की जगह परिवर्तन के प्रयास शुरू कर दिये गये थें। इसी के चलते नगर पालिका द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर लाखों रूपया शासकीय राशि के रूप में खर्च करते हुये पक्के प्लेट फार्म का निर्माण कार्य कराया गया है जिससे अनुमान लग रहा था कि अब शीघ्र ही यह साप्ताहिक बाजार इस प्लेट फार्म पर शुभारंभ होने से जहां यहां पर पैदा होने वाली यातायात की परेशानी से निजात मिल जावेगी तो दूसरी ओर इस बाजार में अपनी दुकाने लेकर आने वाली दुकानदारों से लेकर आम लोगों की जिन्दगी भी सुरिक्षत हो जावेगी..? इस प्रकार टेलीफोन एक्सजेंच के पास लगने वाले इस साप्ताहिक बाजार से पैदा होने वाले खतरें को लेकर अधिकारियों द्वारा जिस तरह से तत्परिता दिखाते हुये जगह परिवर्तन करने के लिये किये गये प्रयासों की सराहना की जा रही थी। मगर इन्ही प्रयायों के दौरान पंचायत चुनाव से लेकर नगरीय निकाय चुनावों का बिगुल बज जाने के चलते इस साप्ताहिक बाजार का स्थल परिवर्तन होने की कार्यवाही ठंडे बस्ते में चली गई थी। ऐसा लग रहा था कि नई नगर पालिका परिषद का गठन होने के बाद इस प्रक्रिया को पूरा किया जावेगा। मगर इसके बाद वर्षो का समय बीते जाने के बाद भी यह प्रक्रिया पूर्ण नही हो पाई है। वही बैठकी बाजार के लिये लाखों रूपया की राशि से बनाया गया प्लेट फार्म बगैर उपयोग हुये ही टूटते हुये नजर आने लगा है। इस तरह सरकारी धन भी खर्च हो चुका है और परेशानी जहां की तहां देखाई दे रही है...? इस तरह जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का परिणाम है कि हर शुक्रवार के दिन टेलीफोन एक्सचेंज के पास सड़क पर लगने वाले बाजार के दौरान लोगों की अपनी जिन्दगी खतरे में डालते हुये देखा जा रहा है। वही यहां से निकलने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है...? आमजन का कहना है कि कही ऐसा तो नही कि यहां पर किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने के बाद ही अधिकारियों की निंद्रा भंग हो पायेगी...? खैर सच्चाई जो भी हो उसे भगवान जाने मगर नगरवासियों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष सहित अनुविभागीय अधिकारी व नगर पालिका अधिकारी से मांग करते हुये कहा जा रहा है कि शीघ्र ही इन साप्ताहिक बाजारों की जगह परिवर्तन की जावे नही तो किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

# जैन को पार्टी ने सौंपी जिले के बाद प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



भारतीय जनता पार्टी में किसी भी कार्यकर्ता द्वारा अपनी पार्टी के लिये किये जाने वाले कार्यो का परिणाम उस समय देखने मिलता है जब उसे जिम्मेदारियाँ सौपी जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर के युवा प्रियांक जैन में देखने मिल रही है जिन्हे पार्टी व संगठन द्वारा अब जिले से बढ़कर प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी सौपते हुये नियुक्ति प्रदान की गई है। बीते हुये दिनो भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें नगर के सक्रिय युवा तथा भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, भाजपा प्रदेश महामंत्री जबलपुर संभाग प्रभारी राहुल कोठारी की सहमति से युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने मप्र भाजयुमो का प्रदेश कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। इस तरह अब जैन को जिला स्तर से बढ़कर प्रदेश स्तर के जिम्मेदारी मिलने से जहां भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में हर्ष का महौन निर्मित होने से नही चूक पा रहा है। वही जैन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर के सक्रिय युवा प्रियांक जैन ने विद्यार्थी परिषद के माध्यम से छात्र राजनीति से अपनी शुरुआत से ही अपनी अमिट छाप बनाते हुए छात्र हितों के कार्य करते हुए सक्रिय राजनीति में आकर भाजपा की युवा शाखा युवा मोर्चा में मंडल अध्यक्ष के साथ शुरुआत की गई थी। युवाओं के बीच एक महत्वपूर्ण स्थान बनाते हुए युवाओं के हित में अच्छे कार्य किये तथा नेतृत्व ने विश्वास जताते हुए प्रियांक को युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया था। इस दौरान उन्होंने अपने पार्टी व संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिये किये गये कार्यो का परिणाम है कि उनकी निरंतर सक्रियता के चलते पार्टी व संगठन द्वारा विगत दिवस जारी हुई युवा मोर्चा का प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### जमीन की बात को लेकर जेठानी ने देवरानी सहित सास को मारा पत्थर

गाडरवारा। समीपस्थ सांईखेड़ा पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार एक महिला द्वारा अपनी जेठानी के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिनों की बात है जब मेरी सास सविया बाई घर के बाजू से लगे खेत मे बैठी थी। तभी जेठानी भागवती बाई आयी और जमीनी विवाद को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये सास से बोली की जमीन मुझे और दे नही तो मै तूझे गर्दन दबाकर मार दूंगी तथा सास को ईट पत्थर मारकर चोट पहुंचाई। इस दौरान प्रार्थिया का लड़का राजेन्द्र कुशवाहा बीच बचाव करने पहुंचा तो उसको भी पत्थर मार दिया।

# कामती में घटित हुई घटना में पीड़ितों के बीच पहुंची क्षेत्र की नेत्री सुनीता पटैल



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

गुरूवार को जहां संपूर्ण क्षेत्रवासी हनुमान जयंती के चलते धार्मिक आयोजनों में लगे हुये थें। मगर समीपस्थ ग्राम कामती में घटित हुई दिल दहलाने वाली घटना से लोगों को आक्रोश में लाने के लिये कोई कसर नही छोड़ी गई थी। क्योंकि मुख्य मार्ग से तेज गति से भाग रहे एक डम्फर चालक द्वारा जिस तरह लापरवाही का परिचय दिया गया था उसके चलते घर के अंदर बैठे हुये पिता पुत्री सहित परिवार जनों की जिन्दगी खतरे में आने से नही चूक पाई। बताया जाता है कि तेज गति से भागते हुये जा रहे डम्फर जिस तरह एक रहवासी घर के अंदर दीवार तोड़ते हुये प्रवेश किया तो जहां भोजराज पिता ओकार कौरव की इस घटना की चपेट में आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई थी तो उनकी मात्र 9 वार्षिय बेटी गंभीर रूप से घायल होने के चलते जिन्दगी और मौत से जूझ रही है। इस घटना में परिवार के अन्य लोगों को भी चोटे आई है। इस तरह घटित हुई घटना के चलते जहां संपूर्ण क्षेत्र में आक्रोश का महौल देखने मिल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र की पूर्व विधायक व कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष श्रीमति सुनीता द्वारा घटना पर शोक प्रकट करते हुये कार्यवाही की मांग की गई। वही घटना के दूसरे दिवस श्रीमति सुनीता पटैल सहित समाज सेवी सुरेन्द्र पटैल के आलवा अन्य साथी लोगों ने घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की सच्चाई को अपनी आखों से देखा। वही परिजनों से मुलाकात करते हुये उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया गया।

# नवरात्र के बाद हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर खुलरी में फिर बही धर्म की गंगा, अंजनी के लल्ला की शोभायात्रा में उमड़ा सैलाब



**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** ग्राम खुलरी की जो परम्परा रही है कि धार्मिक आयोजना को जिस तरह मिलजुलकर मनाया जाता है उसका उदाहरण नवरात्र के बाद हनुमान जन्मोत्सव के दौरान फिर देखने मिला। बताया जाता है कि बीते हुये गुरूवार व पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम खुलरी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान पर पवनपुत्र हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाने के लिये सुबह से ही लोग नजर आने लगे थें। वही यहां पर ग्रामवासियों द्वारा एकत्र होकर पूजन अर्चन करने के साथ साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो रामलीला मैदान से शुरू होकर बस स्टेड मडिया से मंदिर मंगले बाजार मुहल्ला, से होते हुये हनुमान गांव की रास्ते वापिस राम लीला मैदान पंचायत भवन संकट मोचक हनुमान मंदिर पहुंची। इस शोभायात्रा में जिस तरह युवा पूर्णरूप से मारूती नंदन की भक्ति में लीन होकर जयघोष कर रहे थें तो दूसरी ओर बाहर से आये हुये कलाकारों द्वारा किये गये प्रदर्शन के चलते सभी लोग मग्न होने से नही चूक पाये।

# मादक पदार्थों के खिलाफ सांईखेड़ा पुलिस की कार्यवाही, पड़ोसी जिले के युवक से जप्त किया पौने दो लाख कीमत का स्मैक पावडर

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** मादक पदार्थो के बढ़ते हुये अवैध कारोबार की सच्चाई इस तरह से देखने मिल रही है कि युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आने के चलते जहां अपनी जिन्दगी बर्बाद करने से नही चूक रहे है तो दूसरी ओर नशे की लत का शिकार होने वाले व्यक्ति के साथ साथ उसका पूरा परिवार बर्बाद होने से नही बच पाता है। इसी के चलते जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा संपूर्ण जिले के पुलिस थानों को मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये सख्त आदेश जारी किये गये है। यह बात जरूरी है कि थानों में पदस्थ ताराधारी भले की इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में असफल होते हुये दिखाई दे रहे है। क्योंकि अनुभवहिनता का परिणाम है कि अधिकारी एनटीपीएस एक्ट की कार्यवाही से बचने का प्रयास करने से नही चूकते है। मगर पुलिस थानों में पदस्थ कुछ निष्ठावान पुलिस कर्मियों द्वारा जिस तरह नशें के अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ डंडा घुमाया जा रहा है उसका परिणाम है कि इस तरह के अवैध कारोबार से जुडे हुये लोग पुलिस की गिरप्त में आने से नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये सांईखेड़ा थाने में देखने मिली है। बताया जाता है कि सांईखेड़ा पुलिस थाने में पदस्थ कुछ जागरूकर व कर्त्तव्यनिष्ठ पुलिस कर्मियों की कार्य कुशलता के चलते पडौसी रायसेन जिले का स्मैक तस्कर पुलिस के हाथ लगने के चलते उसके पास से एक लाख सत्तर हजार रूपया कीमती की स्मैक जप्त करने में एक बड़ी सफलता हासिल की गई है। बताया जाता है कि सांईखेड़ा पुलिस थाने के पेहरेदारों को मुखबिर द्वारा जानकारी मिली की झिकोली पुल मार्ग से एक व्यक्ति कुछ मादक पदार्थ विक्रय कराने के इरादे से आ रहा है। पुलिस कर्मियों द्वारा इस सच्चाई से अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी को रंगे हाथों





पकड़ने के लिये निर्देशित किया गया। वही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन व उप पुलिस अधीक्षक एल एस डागुर के कुशल नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। इस टीम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी के आलवा सउनि सतीश सिंह राजपूत व मादक पदार्थो के कारोबारियों को गिद्व की दृष्टि की तरह पहचाने में माहिर माने जाने वाले प्रधान आरक्षक भास्कर पटेल, नरेन्द्र कुशवाहा के अलावा आरक्षक दिनेश पटेल के साथ साथ आदर्श पाठक, भगवान सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, उमेश वर्मा एवं म.आर. कुमुद पाठक को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा मुखबिर के बताये अनुसार जब झिकोली पुल के पास सांईखेड़ा झिकौली रोड पर बंद पड़े विनायक ढ़ाबा के सामने एक व्यक्ति खड़ा हुआ देखा गया जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करते हुये प्रतीत होने के चलते संदेह के आधार पर पुलिस द्वारा युवक को अपनी हिरासत में लेते हुये जब पूछताछ की गई तो आरोपी द्वारा अपना नाम राहुल उर्फ भूरा पिता जीवन सिंह राजपूत उम्र 21 वर्ष नि. उदयपुरा जिला रायसेन का रहने वाला बाया गया। वही जब पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से लगभग 17 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक पावडर मिला जिसकी कीमत करीबन 1 लाख 70 हजार रूपये बताई जा रही है। पुलिस द्वारा स्मैक पावडर को जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया गया। इस तरह सांईखेडा थाना क्षेत्र में पुलिस कर्मियों की कार्य कुशलता के चलते एक बड़ी सफलता हाथ लगी है।

# रामदूत हनुमान के जन्मोत्सव के चलते देर रात मंदिरों में चलते रहे धार्मिक कार्यक्रम, भंडारे प्रसादी ग्रहण करने उमड़ी भीड़








**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जिस तरह हमारे धर्म ग्रंथों में बताया गया है कि इस कलयुग काल में मानव को अपने जीवन को सफल बनाने व धार्मिक रास्ता की ओर ले जाने के लिये इस धरती पर जहां रामदूत हनुमान व माँ नर्मदाजी मौजूद रहेगी। इस प्रकार से इस कलयुग में इस धरती पर मानव जीवन को संकटों से मुक्ति दिलाने तथा भटके हुये लोगों को रास्ते पर लाने के लिये पवन पुत्र हनुमान व माँ नर्मदाजी मौजूद रहते हुये राह दिखाते हुये देखी जाती है। इसी का परिणाम है कि माँ नर्मदा जी के जन्मोत्सव का अवसर हो या फिर हनुमानजी के जन्मोत्सव का मौका उनके भक्त बड़े ही धूमधाम के साथ मनाते हुये देखे जाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शनिवार को उस समय देखने मिली जब मारूती नंदन के जन्मोत्सव के दौरान शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी भक्त लोग जहां बजरंग बली की भक्ति में पूर्णरूप से लीन होकर राम नाम को जपते हुये दिखाई पड़ रहे थें। वही दूसरी ओर शहर से लेकर गांव गांव गांव हनुमान मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, सुन्दर कांड सहित हवन पूजन के अलावा भंडारे व प्रसादी वितरण के कार्यक्रम देर रात तक चलते हुये देखे गये। इसी प्रकार से समीपस्थ ग्राम महगंवा कला में भी हनुमानजी के जन्मोत्सव के मौके पर संपूर्ण गांव में भव्य शोभायात्रा का आयोजन करने के साथ साथ हबन पूजन करते हुये प्रसादी का वितरण किया गया। इसी प्रकार समीपस्थ ग्राम कौड़िया, सालीचौका, बोहानी, कुल्याणपुर, चीचली, बाहरबाड़ा, सहोर बोहानी, मनकवारा सहित गांव गांव हनुमान मंदिर पर भक्तों के द्वारा बडे ही धूमधाम से शोभा यात्रा निकालते हुये अखाडों ने अनेक प्रकार का प्रदर्शन करते हुये आमजन को मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान जी की भक्ति में लीन करने के लिये मजबूर कर दिया गया था।

# रायपुर स्कूल में चार दिवसीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम जारी



**हरिभूमि न्यूज/ चीचली ।** जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम रायपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम स्कूल चले हम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पूर्ण किया जा रहा है। बताया जाता है कि प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को जिस तरह भारत देश की संस्कृति के माध्यम से संपन्न कराया जा रहा है उसके चलते संपूर्ण क्षेत्र के लोगों को एक अनोखा संदेश देने के साथ साथ चर्चा का विषय बनते हुये नही चूक पा रही है। क्योंकि जिस तरह शिक्षण संस्था को माँ सरस्वती का मंदिर कहा जाता है उसी विधि विधान के साथ नये सत्र की शुरूआत व प्रवेशोत्सव का संपन्न किया जा रहा है। बताया जाता है कि बीते हुये 1 अप्रैल को प्रथम दिवस में सरस्वती जी पूजन उपरांत आगंतुक समस्त विद्यार्थियों का तिलक रोली पुष्प मालाओं द्वारा अभिनंदन किया तत्पश्चात मुख्यमंत्री के संदेश को टीवी के माध्यम से समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में देखा गया। तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से प्रवेशोत्सव की रूपरेखा और सत्र 2026- 27 की कार्ययोजना को समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में रेखांकित किया । उपस्थित उत्तीर्ण समस्त विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रवेशित कर पुस्तकें वितरित की गई साथ ही अम्बर शर्मा जितेंद्र नामदेव व गजेंद्र कौरव द्वारा अध्यापन कार्य प्रारंभ कर भविष्य में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्रदान करने हेतु हर संभव प्रयास करने पर जोर दिया गया। वही कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में हनुमान जी जन्मोत्सव उपरांत पालकों विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच समन्वय बनाने उपस्थिति बढ़ाने परीक्षा परिणाम वृद्धि द्वितीय अवसर परीक्षा और अनुशासन संबंधी विभिन्न बिंदुओं के तहत **smdc** बैठक के माध्यम से चर्चा की गई। इस दौरान समस्त शिक्षकों एवं ग्राम पटेल अशोक कुमार पटेल एवं पालकों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। इस तरह शिक्षा मंदिर की पुरानी परम्परा का पालन करते हुये आयोजित हो रहा प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पा रहा है।

# बच्चे की दबाई कराने की बोलने पर पति ने की पिटाई

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** हर बच्चा अपने माता पिता के जिगर का टुकडा होता है यदि उसे जरा भी तकलीप होती है तो माता पिता परेशान होने से नही चूकते है। मगर कुछ पिता इस तरह से भी होते है जो माँ अपने बच्चे की परेशानी उसके पिता को बताती है तो वह मारपीट करने पर उतारू हो जाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम खिरिया अर्जुन गांव में देखने मिली है जहां पर पत्नि ने अपने पति से बच्चे के बीमार होने पर इलाज कराने की बात कही तो पति सहित उसके भाईयों ने मिलकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। पीड़ित पत्नी द्वारा अपने मायके पहुंचकर माता पिता के साथ पति व देवरों के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरी शादी दिनांक 11 मई 2025 को ग्राम खिरिया (अर्जुनगाँव) के रहने वाले सुरेन्द्र अहिरवार के साथ हुई है । जिससे मुझे करीबन एक माह का पुत्र तक्ष है। बीते हुये दिवस जब हमारा बच्चा तक्ष उल्टी कर रहा था। इस बात को लेकर पत्नि द्वारा अपने पति सुरेन्द्र से कहा कि बच्चे की तबीयत खराब है इसको डाक्टर के पास ले चलो । इस बात को लेकर पति द्वारा अपनी पत्नी को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट की गई। इस दौरान प्रार्थिया के देवर सौरभ तथा मनीष द्वारा भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। इसके बाद पति अपनी पत्नी को मायके छोडकर आ गया। जब घटना की सच्चाई से पीड़िता द्वारा अपने माता पिता को अवगत कराया गया और उनके साथ पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज किये जाने पर पुलिस ने आरोपी पति सहित देवरों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

दिल्ली पब्लिक
इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob. : 903 9230 199, 722 4021 199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

## खबर संक्षेप

### नवागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी लखन लाल पनिका ने नगर परिषद बनगवां में संभाला कार्यभार

**राजनगर।** कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास शहडोल के पत्र क्रमांक 998/सं.सं./स.था./ 2026, शहडोल 02 अप्रैल के अनुसार नगर परिषद बनगवां (राजनगर) को वर्तमान मुख्य नगर पालिका अधिकारी राममिलन तिवारी के स्वास्थ्य खराब होने एवं मेडिकल कॉलेज जबलपुर में इलाजरत होने के कारण, कार्य व्यवस्था एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से नगर परिषद बनगवां (राजनगर) का कार्य संचालित किए जाने हेतु लखन लाल पनिका राजस्व उप निरीक्षक नगर पालिका बिजुरी को अपने वर्तमान कार्यों के साथ-साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बनगवां (राजनगर) का मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की सुसंगत धाराओ में मध्यप्रदेश नगर पालिका (वित्त एवं लेखा) नियम 2018 के अनुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी बनगवां (राजनगर) के प्रशासकीय एवं वित्तीय कार्य किए जाने हेतु, अन्य आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से अधिकृत किया गया है। फिर एक बार लखन लाल पनिका नये मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में हमें मिले हैं। विगत शाम लखन लाल पनिका ने नगर परिषद बनगवां (राजनगर) पहुंच कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में पद ग्रहण किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी लखन लाल पनिका के नगर परिषद कार्यालय पहुंचने पर नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह ने उनका हार्दिक स्वागत किया।

### अनूपपुर जिले में गेहूँ उपार्जन 15 अप्रैल से प्रारंभ, 6 केंद्र निर्धारित

**अनूपपुर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले में गेहूँ उपार्जन का कार्य 15 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अनीता सोरते से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूँ क्रय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिले में 6 उपार्जन केंद्र निर्धारित किए गए हैं। दुलहरा समिति के लिए मां शारदा वेयरहाउस, 2 बरबसपुर, पटनाकला समिति के लिए कृषि उपज मंडी अनूपपुर, मझगवां (फुनगा) समिति के लिए शारदा फूड प्रोसेसिंग गोदाम पयारी, धनगवां समिति के लिए सिंह वेयरहाउस छातापटपर, बिजुरी समिति के लिए बतूल वेयरहाउस कोतमा तथा राजेंद्रग्राम समिति के लिए गोदाम राजेंद्रग्राम को उपार्जन केंद्र के रूप में निर्धारित किया गया है। संबंधित केंद्र प्रबंधकों को किसानों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### एटीएम में मदद के बहाने ठगी

**अनूपपुर/कोतमा।** कोतमा क्षेत्र में एक महिला के साथ एटीएम में ठगी का मामला सामने आया है, जहां मदद के बहाने एक अज्ञात युवक ने चालाकी से एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से 32 हजार निकाल लिए। घटना का खुलासा तब हुआ जब महिला ने रात में मोबाइल चेक किया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई और राशि वापस दिलाने की मांग की है। जिले के कोतमा थाना क्षेत्र में एटीएम फ्रॉड का एक नया मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला को मदद का झांसा देकर ठग लिया गया। पीड़िता के अनुसार वह 1 अप्रैल को शाम करीब 4 बजे एटीएम में पैसे निकालने गई थी। उसी दौरान वहां मौजूद एक अज्ञात युवक ने मदद करने के बहाने उसका एटीएम कार्ड लिया और मशीन में डालकर प्रक्रिया पूरी करने का नाटक किया था। इस दौरान आरोपी ने बेहद चालाकी से महिला का एटीएम कार्ड बदल दिया और उसका पिन भी जान लिया। महिला को इस बात का अंदाजा नहीं हुआ और वह घर लौट गई। रात करीब 9:30 बजे जब उसने अपना मोबाइल चेक किया तो खाते से 32,000 निकाले जाने का मैसेज मिला, जिससे वह हैरान रह गई रही थी। इसके बाद महिला ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि आरोपी ने दूसरे एटीएम से पैसे निकाले हैं। पुलिस अब मामले की जांच में जुटी है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

**मदद के नाम पर रची गई साजिश**

घटना में आरोपी ने महिला को आसान शिकार समझते हुए मदद का नाटक किया। एटीएम में अक्सर तकनीकी दिक्कतों या जानकारी के अभाव में लोग दूसरों से सहायता लेते हैं, जिसका फायदा उठाकर ठग इस तरह की वारदातों को अंजाम देते हैं। यहां भी आरोपी ने पहले विश्वास जीतने की कोशिश की और फिर कार्ड बदलकर पूरी योजना को अंजाम दिया। यह तरीका हाल के दिनों में एटीएम फ्रॉड के मामलों में तेजी से देखने को मिल रहा है।

# टीईटी परीक्षा के विरोध में डिंडौरी में शिक्षकों का संयुक्त मोर्चा गठित

डिंडौरी न्यूज।

**शिक्षकों की वरिष्ठताए टीईटी परीक्षा और नियुक्ति दिनांक को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद अब उग्र रूप लेता जा रहा है। जिले के शिक्षक अब अपनी मांगों को लेकर खुलकर सामने आ गए हैं और सड़क से लेकर संसद व न्यायालय तक संघर्ष का ऐलान कर दिया है।**



बताया जा रहा है कि वर्ष 1998.99 से अल्प वेतन पर सेवा दे रहे कई शिक्षक आज भी अपनी समस्याओं से जूझ रहे हैं। प्रारंभिक वर्षों में बिना जीपीएफ के कार्य करने वाले इन शिक्षकों को वर्तमान में मात्र 2 से 3 हजार रुपए पेंशन एनपीएस के तहत मिल रही हैए जो उनके जीवन.यापन के लिए अपर्याप्त है। ऐसे में अब उन्हें टीईटी परीक्षा देने के लिए बाध्य किया जा रहा हैए जिससे शिक्षकों में भारी आक्रोश है।

शिक्षकों का कहना है कि 25.30 वर्षों की निरंतर सेवा के बावजूद उनकी वरिष्ठता समाप्त कर 1 जुलाई 2018 से नई नियुक्ति मान ली गई हैए जिससे उनके अधिकारों पर सीधा असर पड़ा है। वहीं 50 से 55 वर्ष की आयु में टीईटी परीक्षा में शामिल होने की अनिवार्यता और परीक्षा उत्तीर्ण न करने पर सेवा समाप्त करने के आदेश ने शिक्षकों की चिंता और बढ़ा दी है। इस मुद्दे को लेकर शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर डिंडौरी जिले के दीदी कैफे में विभिन्न शिक्षक संगठनों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संगठनों ने एकजुटता का परिचय देते हुए संयुक्त मोर्चा का गठन किया और आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया। बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि आगामी 8 अप्रैल को जिले में ष्शिक्षक सम्मान बचाओ अनुरोध रैलीष आयोजित की जाएगीए जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से शिक्षक संघए आजाद शिक्षक संघए प्रांतीय शिक्षक संघए ट्रायबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनमें महेंद्र सिंह उद्देए देवेंद्र दीक्षितए सनत तिवारीए तरुण कुमार ठाकुरए द्वारका मरावीए सुशील नागेश्वरए आनंद उइकेए लल्लू परस्तेए रामकुमार चंदेलए मधु दीप उपाध्यायए जीवन मरावीए इकलाख हुसैनए श्रीमती दीपमाला गुप्ताए कमल सिंह गौतम और कुम्हरा लाल नंदा सहित अन्य शिक्षक शामिल थे। शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गयाए तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।



# पीएम कृषि धनधान्य योजना अंतर्गत समनापुर में जनसंवाद कार्यक्रम

डिंडौरी न्यूज।

जिले के विकासखंड समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत समनापुर के सामुदायिक भवन में प्रधानमंत्री कृषि धनधान्य योजना अंतर्गत जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार की जॉइंट सेक्रेटरी श्रीमती स्वाति मीणा एवं कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत समूह की दीदियों द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्वागत गीत के माध्यम से अभिनंदन कर की गई। इसके पश्चात अतिथियों ने मिलेट्स एवं स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उत्पादों की गुणवत्ता एवं पैकेजिंग में सुधार कर उन्हें बड़े बाजारों तक पहुंचाने के सुझाव दिए। जनसंवाद के दौरान स्व.सहायता समूह की महिलाओं ने पशुपालनए मत्स्य पालनए मुर्गी पालनए सब्जी उत्पादन एवं स्थानीय उत्पादों के निर्माण से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। जॉइंट सेक्रेटरी श्रीमती स्वाति मीणा नायक ने समूह की महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयास प्रेरणादायक हैं और वे स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर के बाजारों तक पहुंचाने के लिए प्रयास करेंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री धन.धान्य योजना के जमीनी क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने जनभागीदारी एवं पारदर्शिता को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता सुधार कर उन्हें बाजार से जोड़ा जाए। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए वर्षा जल संचयन एवं जल स्रोतों के संरक्षण के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्री दिव्यांशु चौधरीए एसडीएम बजागए जनपद सीईओ समनापुर श्री पंकज जैनए तहसीलदार समनापुर सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयनए जनभागीदारी को बढ़ावा देने एवं स्थानीय उत्पादों को सशक्त मंच प्रदान करना रहा।

# राकेश सिंह परस्ते बने युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री' कार्यकर्ताओं में उत्साह

डिंडौरी न्यूज।



भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश कि नवीन कार्यकारिणी में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अनुमति से ए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल व जबलपुर संभाग प्रभारी प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी की सहमति से आदिवासी अंचल जिला डिंडौरी के जनजाति समाज के युवा राकेश सिंह परस्ते को प्रदेश महामंत्री की बड़ी ज़िम्मेदारी सौंपी है । महाकोशल क्षेत्र से एक से बढ़कर एक नाम महामंत्री की दौड़ में आगे बताए जा रहे थे परंतु अंत में डिंडोरी जैसे छोटे जिले के एक सामान्य परिवार से आने वाले राकेश सिंह परस्ते को अवसर मिला । डिंडौरी जिले से पहली बार किसी युवा का युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश पदाधिकारी के रूप में चयन किया गया है ।इनप्रदेश नेतृत्व ने इतनी बड़ी ज़िम्मेदारी उनकी सक्रियता एनेतृत्व क्षमता ए समर्पणएसंगठन में लंबे समय से बड़ी संख्या में युवाओं को जोड़कर युवाओं के बीच काम करने की क्षमता के आधार पर नियुक्त किया है । वर्तमान में राकेश सिंह परस्ते युवा मोर्चा के ज़िलाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं । राकेश सिंह परस्ते इससे पूर्व युवा मोर्चा में ही जिला उपाध्यक्षए जिला मंत्री के दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं ।वे आदिवासी युवा विभाग के ज़िलाध्यक्ष के रूप में भी कार्य कर चुके हैं । संगठन के साथ.साथ जन प्रतिनिधि के रूप में जनपद पंचायत डिंडोरी के जनपद क्षेत्र क्रमांक विक्रमपुर से जनपद सदस्य भी हैं । संगठन व सत्ता के अलावा इनकी छवि जनजाति समाज में समाज सेवी की भी है ।

जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं एभाजपा समर्थित समस्त जन प्रतिनिधि व जनजाति समाज ने ख़ुशी ज़ाहिर करते हुए बधाई प्रेषित की व विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व मे युवा मोर्चा प्रदेश में जनजाति युवाओं को सशक्त बनाने और संगठन को और अधिक मज़बूत करने का कार्य करेगा वहीं युवा मोर्चा डिंडौरी के कार्यकर्ताओं में उत्साह ए जोश व उमंग का माहौल है ।

राकेश सिंह परस्ते से ने नियुक्ति पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी एभाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी ए क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल जी ए प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह जी एप्रदेश महामंत्री व जबलपुर संभाग के प्रभारी राहुल कोटारीए युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ए मोर्चा प्रभारी मनोरंजन मिश्रा जी ए मंडला लोकसभा के सांसद व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी ए राष्ट्रीय मंत्री व शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे जी एअजजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम जी एभाजपा ज़िलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम जी ए निवर्तमान जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया जी एसहित प्रदेश नेतृत्व व जिला संगठन के सभी वरिष्ठजन ए पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

राकेश से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि वे मध्यप्रदेश के प्रत्येक ज़िले में प्रवास कर नए .नए युवाओं को पार्टी से जोड़ते हुए मोर्चे के काम को गति प्रदान करेंगे एवं संगठन की नीतियों को जन जन तक पहुचाने और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने हेतु पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे ।

# डॉग स्क्वाड के साथ वन विभाग का सघन सर्चिंग अभियान शिकारियों पर कसा शिकंजा

डिंडौरी न्यूज।




वन परिक्षेत्र डिंडोरी में हाल ही में शिकार का मामला सामने आने के बाद वन विभाग ने शिकारियों पर नियंत्रण और ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सघन खोजी अभियान चलाया। यह अभियान वनमंडल अधिकारी सामान्य डिंडोरी अशोक कुमार सोलंकी और उपमंडल अधिकारी गाड़ासरई सामान्य सुरेंद्र सिंह जाटव के निर्देशन में संचालित किया गया।अभियान के तहत डॉग स्क्वाड को मौके पर बुलाकर घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में गहन सर्चिंग की गई। इस दौरान सारसताल कूई रामगुड़ा और त्यागपुर गांवों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। संभावित संदिग्ध स्थानों आवागमन मार्गों और वन क्षेत्र के संवेदनशील हिस्सों में विशेष निगरानी रखी गई।वन विभाग की टीम ने लगातार गश्त करते हुए क्षेत्र में निगरानी भी बढ़ा दी है ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

इस अभियान में दक्षिण वनमंडल शहडोल के डॉग स्क्वाड दल के साथ परिक्षेत्र सहायक ईश्वर सिंह परस्ते वनरक्षक सुनील कोरी वनरक्षक संजय मारको वनरक्षक मान सिंह मरावी वनरक्षक अनीता धुर्वे और वनरक्षक गीता पेंड्रो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीव शिकार और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में भी ऐसे सघन अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला 22 वर्षीय युवक का शव इलाके में सनसनी

डिंडौरी न्यूज।



जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विचारपुर के पास उस वक्त सनसनी फैल गईए जब खेत में एक 22 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान गुलशन भवेदी निवासी ग्राम विचारपुर के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि युवक का शव गांव के पास खेत में पड़ा मिलाए जिसके बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही शाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैए ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। घटना के बाद क्षेत्र में तरह.तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं और लोग युवक की मौत को लेकर हत्या की आशंका जता रहे हैं। हालांकि पुलिस ने अभी किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार करते हुए कहा है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर गंभीरता से जांच की जा रही है।



# जर्जर सड़क और टूटा पुल से अमठेरा के ग्रामीण परेशान

शहपुरा।

जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम अमठेरा में बुनियादी सुविधाओं की कमी अब गंभीर समस्या बन गई है। गाँव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाला रास्ता पूरी तरह जर्जर हो चुका है और यहां स्थित पुल लंबे समय से टूटा हुआ है। इससे ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो रहा है।

गांव के लोगों का कहना है कि पुल टूटने के कारण खासकर बारिश के दिनों में गांव का संपर्क पूरी तरह कट जाता है। ऐसे समय में बीमारों को अस्पताल पहुंचाना और बच्चों को स्कूल भेजना बेहद जोखिम भरा हो जाता है। खराब सड़क के कारण आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इस मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार साहू ने जिला प्रशासन पर सवाल उठाते हुए जल्द समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी अमठेरा के ग्रामीण सुरक्षित सड़क और पुल के लिए तरस रहे हैं जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पुल का निर्माण और सड़क की मरम्मत शुरू नहीं की गई तो आम आदमी पार्टी ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# शहपुरा में 2 दिवसीय प्रशिक्षण महाभियान का आयोजन, विधायक ओमप्रकाश धुर्वे रहे शामिल





### सांदीपनि विद्यालय चरगांव में मंडल मानिकपुर व शहपुरा के कार्यकर्ताओं को मिला संगठन मजबूती और विचारधारा का प्रशिक्षण

शहपुरा

द्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय 2 दिवसीय प्रशिक्षण महाभियान.2026 के अंतर्गत शहपुरा विधानसभा क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सांदीपनि विद्यालयए चरगांव में संपन्न हुआए जिसमें मंडल मानिकपुर एवं शहपुरा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूतीए कार्यपद्धति एवं जनसेवा के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण महाभियान से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है और संगठनात्मक कार्यों को गति मिलती है। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए गएए जिनमें पार्टी की विचारधाराए संगठन विस्तारए बूथ स्तर तक मजबूती तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई और प्रशिक्षण को उपयोगी बताया। इस अवसर पर मंडल पदाधिकारीए जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना एवं कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

**खबर संक्षेप**

## जिला स्तरीय संकल्प से समाधान शिविर आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण और जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत शनिवार 4 अप्रैल को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री राजपूत 4 अप्रैल को प्रात 8 बजे भोपाल से प्रस्थान कर प्रात 11:30 बजे सर्किट हाउस नरसिंहपुर आएंगे। आप प्रातः 11:40 बजे सर्किट हाउस नरसिंहपुर से प्रस्थान कर प्रात 11:45 बजे महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर पहुंचकर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे और विद्यार्थियों से चर्चा करेंगे।

## गुलाब रानी साहू का निधन



**गोटेगांव=** नगर के पथरहा कुआं के समीप निवास करने वाले स्व.भगवान दास साहू की धर्मपत्नी श्रीमति गुलाब रानी साहू का विगत दिवस 75 वर्ष की आयु में अस्वस्थता के चलते निधन हो गया।आप सहज,सरल,और मिलनसार धर्मपरायण महिला थी।अंतिम यात्रा निज निवास पथरहा कुआं के समीप से स्थानीय मुक्ति धाम ले जाई गई जहां पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।अंतिम यात्रा में सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। स्व.गुलाब रानी साहू राजकुमार साहू,मुकेश साहू,महेश साहू,ओम प्रकाश साहू और सुनील साहू की पूज्य माता जी थीं।

## पत्रकार आशीष अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि



**गोटेगांव।** भगतसिंह वार्ड निवासी नगर के प्रतिष्ठित पत्रकार आशीष अग्रवाल के निधन पर श्री साईं मंदिर समिति द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वे पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता सतीश अग्रवाल के छोटे भाई थे और पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी अलग पहचान थी। समिति के सदस्यों एवं उपस्थित नागरिकों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करने की कामना की। यह शोक सभा पत्रकार के प्रति सम्मान और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने हेतु आयोजित की गई, जिसमें समिति के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पशुपालन विभाग की वार्षिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

# एफएमडी टीकाकरण व एआई में प्रगति लाने के निर्देश



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस पशुपालन एवं डेयरी विभाग नरसिंहपुर द्वारा जिले के समस्त संस्था प्रभारियों एवं गौ सेवक मैत्री की वार्षिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक उपसंचालक डॉ. सुनील बृजपुरिया एवं एबीपीओ डॉ. एम.पी. तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में जिले में पशुधन विकास और आगामी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आगामी एफएमडी (खुरपका-मुँहपका) टीकाकरण अभियान के सफल संचालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। इस बार एफएमडी टीकाकरण पश्चात ऑनलाइन एंट्री भी करना है, जिसमें पशुपालक से ओटीपी प्राप्त कर एंट्री की जा सकेगी। उप संचालक डॉ. बृजपुरिया ने निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक गौवंश का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पशुओं को इस घातक बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

### लक्ष्य को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश

बैठक में संस्थान वार प्राप्त सीमन स्ट्रॉ के विरुद्ध की गई ऑनलाइन एआई प्रविष्टि की सघन समीक्षा की गई। पेंडिंग पीडी और काविंग के आंकड़ों को तत्काल अपडेट करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रत्येक संस्था प्रभारी और गौ सेवक मैत्री के कार्यों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा की गई। कम प्रगति दिखाने वाले क्षेत्रों में सुधार लाने और लक्ष्य को समय सीमा में पूरा करने के लिए सख्त निर्देश दिए। उपसंचालक डॉ. सुनील बृजपुरिया ने उपस्थित सभी कर्मचारियों से कहा कि वे पशुपालकों तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुँचाना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने मैत्री गौ सेवकों को क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाने और कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से नस्ल सुधार कार्य में तेजी लाने हेतु प्रोत्साहित किया। बैठक में डॉ. एमपी तिवारी ने तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला और एव्हीएफओ रजनीश गढ़ेवाल ने ऑनलाइन पोर्टल पर डेटा फीडिंग में आने वाली समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर जिले के समस्त विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### बिना ओटीपी नहीं होगा टीकाकरण व गर्भाधान

उपसंचालक पशु पालन विभाग डॉ. सुनील बृजपुरिया ने बताया कि पशुपालन विभाग की सेवाओं में पारदर्शिता लाने और योजनाओं का वास्तविक लाभ सीधे पशुपालकों तक पहुँचाने के उद्देश्य से शासन ने एक महत्वपूर्ण तकनीकी में बदलाव किया है। एक अप्रैल 2026 से जिले के समस्त पशु चिकित्सालयों और उप-केंद्रों में कृत्रिम गर्भाधान- एआई और एफएमडी टीकाकरण के लिए ओटीपी आधारित नई व्यवस्था शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि शासन की इस नई नीति के तहत अब पशुपालकों के मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी दर्ज



करने के बाद ही कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण की प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी। इस तकनीकी कदम का मुख्य उद्देश्य विभागीय कार्यों में पारदर्शिता लाना और डेटा की शुद्धता सुनिश्चित करना है। डॉ. बृजपुरिया ने बताया कि विभाग के सभी डॉक्टर, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी-एव्हीएफओ, गौ-सेवक और मैत्री कार्यकर्ता के द्वारा किए गए कार्यों की दैनिक प्रविष्टि भारत पशुधन ऐप पर करेंगे। इस ऐप के माध्यम से कार्यों की उच्च स्तरीय मॉनिटरिंग की जाएगी।

### पोर्टल पर दर्ज होगी जानकारी

नई व्यवस्था का लाभ लेने के लिए पशुपालकों को अपने पशुओं के रिकॉर्ड के साथ अपना आधार कार्ड और सक्रिय मोबाइल नंबर अपडेट कराना अनिवार्य है। टीकाकरण या कृत्रिम गर्भाधान के समय मोबाइल पर एक गुप्त कोड-ओटीपी आएगा। जब तक यह कोड संबंधित कार्यकर्ता को नहीं बताएंगे, तब तक ऑनलाइन पोर्टल पर कार्य की एंट्री नहीं हो पाएगी। इस प्रक्रिया के बाद पशुपालक का डेटा सुरक्षित रहेगा और भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। उप संचालक डॉ. बृजपुरिया ने समस्त पशुपालकों से अनुरोध किया है कि वे इस तकनीकी सुधार में विभाग का सहयोग करें। जब भी कोई टीकाकरण दल या कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता आपके द्वार पर आए, तो मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी उन्हें आवश्यक रूप से उपलब्ध कराएं ताकि आपके पशुधन का रिकॉर्ड सुरक्षित और अपडेट रह सके।

## उत्कृष्ट नागरिक सम्मान समारोह कल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले को गौरव प्रदान करने वाले महान व्यक्तित्व श्रेष्ठ विचारधारा पर कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान करने हेतु उत्कृष्ट नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 5 अप्रैल 2026 दिन रविवार को पी जी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। आयोजन में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, नर्मदापुरम नरसिंहपुर सांसद दर्शन सिंह, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना तथा अन्य सामाजिक, राजनैतिक, प्रशासनिक, एवं जनप्रतिनिधि के आतिथ्य में संपन्न होगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य हमारा समाज विविधताओं से ओतप्रोत है जिसमें सभी के कार्य विभाजित है सभी के सहयोग से समाज का संचालन हो रहा है अपने कार्य का भलीभांति निर्वहन करने के साथ साथ जो व्यक्ति सामाजिक सरोकार को लेकर अपने कर्तव्यों को समाज सेवा के समर्पित कर देते हैं वह युग पुरुष की श्रेणी में आ जाते हैं, जिन महापुरुषों का का हम इतिहास पढ़ते है वह कोई दूसरी दुनिया के नहीं थे बल्कि हमारे ही बीच में रहकर अपने कर्तव्यों, विचारों को, अपने जीवन को देश हित, जनहित के लिए समर्पित कर देने वाले उच्च विचारधारा के लोगों का इतिहास में नाम दर्ज हुआ। इस आयोजन के माध्यम से पत्रकार फाउंडेशन द्वारा सामाजिक, प्रशासनिक, राजनैतिक, धार्मिक, मानव कल्याण, पर्यावरण संरक्षण, खेल में प्रवीण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, ग्राम उत्थान, जैसे अन्य क्षेत्रों में अपना अतुलनीय योगदान दिया गया हो हम ऐसे श्रेष्ठ विचारकों की सेवाभावी विचारधारा का सम्मान करते हैं। यह आयोजन जन जागृति तथा आम जन मानस को प्रेरणा देने के साथ मनोभाव को चेतना देने तथा बहुआयामी उम्मीदों को प्रेरणादायक होगा। पत्रकार फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा नगर तथा जिले वासियों से अपील की जाती है कि आगामी 5 अप्रैल में आयोजित होने वाले उत्कृष्ट नागरिक सम्मान समारोह में सम्मिलित होकर समाज के उन महान विचारकों जिनका सम्मान होगा उनसे साक्षात्कार कर अपने शुभाशीष प्रदान करें।

## विकासखंड स्तरीय पुस्तक मेला सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासकीय ईएफए नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में विकासखंड स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन उत्साहपूर्वक शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। पुस्तक मेले का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा ने मां सरस्वती जी का पूजन-अर्चन और फीता काटकर किया। इस अवसर पर डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, जिला परियोजना समन्वयक मनीष चौकसे, एडीपीसी विपनेश जैन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी ब्रजेश शर्मा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ओपी राय एवं प्राचार्य प्रीति नेमा मौजूद थे। अधिकारियों ने पुस्तक मेले में लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। शासन की मंशा के अनुरूप अभिभावकों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें एवं शैक्षणिक सामाग्री उपलब्ध कराने पर बल दिया। मेले में स्कूली बच्चों के अभिभावकों को पुस्तकों पर 10 से 15 प्रतिशत तथा कॉपियों पर



30 से 50 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट प्रदान की गई। इस छूट का लाभ उठाते हुए अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। नरसिंहपुर के चंदन पाटकर ने बताया कि मेले में उन्होंने कक्षा सातवीं के पुस्तक सेट 1975 रुपये में खरीदा, जबकि यहीं सेट बाजार में 2 हजार 255 रुपये का मिल रहा है। इसी प्रकार कक्षा चैथी के पाठ्य पुस्तकों का सेट बाजार में एक हजार 789 रुपये, तो मेले में एक हजार 521 रुपये में उपलब्ध कराया गया। इस आकर्षक छूट के कारण मेले में बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने इसका लाभ उठाया। मेले के दौरान बीएसी ब्रजेश नेमा सहित जनशिक्षक व शिक्षकों द्वारा पंजीयन का कार्य किया गया। साथ ही बच्चों एवं उनके अभिभावकों को उचित मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

## ग्रीष्मकालीन शिविर से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** श्री शंखनाद सांस्कृतिक कला केन्द्र की 10मई से 31मई 2026 तक होने वाले विभिन्न कलाओं और लोक कलाओं से संबंधित बैठक का आयोजन विगत दिवस नरसिंह पब्लिक स्कूल नरसिंहपुर मे संस्था के संचालक ऐश्वर्य दुबे, संस्था के टेक्नीशियन हेड पराग नेमा, संस्था के सचिव हरिओम दुबे के संचालन में किया गया । जिसमें बच्चों के आफ लाइन पंजीयन से संबंधित जो कि 5 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक किए जाएगे, 10 मई से 31मई 2026 तक आयोजित समर कैंप के संबंध में रुपरेखा तैयार कर सभी सदस्यों व प्रशिक्षकों को अपने-अपने दायित्व सौंपे गए। इस महत्वपूर्ण बैठक में संस्था के सभी सदस्य जिसमें हर्षित विश्वकर्मा, मयंक नेमा, चिराग धुर्वे, संयोगिता चौरसिया, दिया कुशवाहा,



जिया जोशी,शोभना कुशवाहा, सिद्धार्थ मालवीय, आदर्श पटैल, श्रीजल साहू, दर्शना गुहेरिया, आयशा खान, निखिल अग्रवाल, शौर्य सेन, सिद्धार्थ मालवीय, नंदिनी कहार, दीक्षा सोनी , आनंद दुबे उपस्थित रहे।अंत में जयति जय शंखनाद घोष के साथ बैठक का समापन संस्था के सचिव हरिओम दुबे द्वारा सभी आभार प्रकट कर किया गया।

## सच्चिदानन्द आश्रम विशेष प्रार्थनाएं कार्यक्रम संपन्न




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सच्चिदानन्द आश्रम में गुड फ्राइडे के अवसर पर चर्च में प्रभु यीशु के बलिदान दिवस को याद किया गया और प्रार्थना चिंतन की गई सबसे पहले क्रम के माध्यम से प्रार्थना रैली निकाली गई चर्च के अंदर प्रभु के बारे में समाज के लोगों को बताया गया एवं कार्यक्रम के बाद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक बंधुओ द्वारा रक्तदान किया गया रक्तदान का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद और पात्र व्यक्तियों को यह रक्तदान से जीवनदान मिल सके रक्तदान करने में पीयूष दास प्रमोद तिग्गा विलियम तिग्गा सिस्टम ऐजलिन सिस्टम श्रुति अपर्णा दास ने रक्तदान किया। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक कर्मचारियों की सहभागिता रही अंत में फादर के द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम का समापन किया।

## दो दिवसीय भव्य एवं धर्ममय आयोजन संपन्न



**गोटेगांव।** 105 भावनामति माताजी ससंघ के आशीर्वाद एवं निर्देशन में यशोदा संभाग के अंतर्गत श्री पार्श्वनाथ शाखा गोटेगांव द्वारा महावीर जयंती के पावन अवसर पर दो दिवसीय भव्य एवं धर्ममय आयोजन बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर विधान से हुआ। इसमें आरती जी ने माता त्रिशला एवं मोनिका जैन ने कुबेर की भूमिका निभाई। परिषद की बहन परिधि ने इंद्राणी बनकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। माता त्रिशला की गोद भराई कार्यक्रम में शीतल जैन को भगवान वर्धमान की बुआ बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। परिषद की बहनों ने सादर उपहार अर्पित कर भक्ति भाव प्रकट किया।

शाम को 100 धर्म इंद्र सभा का आयोजन हुआ, जिसमें कुबेर द्वारा मनमोहक रत्न वर्षा की गई तथा अष्ट कुमारियों एवं 56 कुमारियों द्वारा सेवा एवं उपहार अर्पित किए गए। माता त्रिशला के 16 स्वप्नों का भी सुंदर वर्णन किया गया। 30 मार्च को महावीर जयंती के अवसर पर "अहिंसा परमो धर्म" के संदेश के साथ 24 पांडुकशिला द्वारा 24 तीर्थंकरों का महामस्तकाभिषेक संपन्न हुआ। परिषद की बहन अंकिता ने भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात फल एवं मिष्ठान वितरण किया गया।

दोपहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आठों जिनालयों की पालकियों के साथ महिला परिषद की बहनों ने नृत्य प्रस्तुत किया। रात्रि में जन्मोत्सव पर पुनः 100 धर्म इंद्र सभा आयोजित हुई। कार्यक्रम में वर्षा जैन, शीतल जैन, मोनिका जैन, मोना जैन, आरती जी, निधि जी, शालू जी सहित महिला परिषद की बहनों का विशेष सहयोग रहा। साथ ही शालिनी, ऋचा, नीता दीदी, इंदु भाभी, प्रीति भाभी, सची जी, लता जी, पिंकी जी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह से देर रात्रि तक चले कार्यक्रम





### इमझिरा और डोभी में हुये विविध आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** संकटमोचक श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव इमझिरा में बड़े ही उत्साह श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम में सुबह से ही जोरदार तैयारियां की गई थी। और हनुमान मंदिर में विद्युत साज सज्जा की गई। ग्राम के प्रतिष्ठित बाल रूप हनुमान मंदिर में भगवान शिव शंकर के साथ हनुमान जी महाराज का जलाभिषेक के साथ ग्राम के सभी मंदिरों में हनुमान जी का विशेष अभिषेक पूजन अर्चन व चोला श्रृंगार किया गया। दोपहर 12 बजे मंदिर के गर्भ गृह में विराजित श्री गणेश बाल रूप हनुमान शिवलिंग के रूप में स्थापित भगवान भोले नाथ का मनमोहक श्रृंगार के साथ सुंदरकांड हनुमान चालीसा एवं हवन कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाम 4 बजे से कंकाली देवी मठ से एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें श्री राम जानकी एवं लक्ष्मण जी के साथ हनुमान जी महाराज की झांकी सजाई गई।जो देव स्थलों होती हुई मां खेरापति मंदिर तक पहुंची और शोभायात्रा का समापन किया गया। रात्रि 8 बजे मंदिर में महाआरती के उपरांत रात्रि 9 बजे से भजन संध्या का कार्यक्रम भी समिति द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति सदस्यों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान आयोजित कराए गए।

### सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

समीपी ग्राम डोभी सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव के अवसर पर पूजन अर्चन के साथ विशाल शोभ यात्रा निकाली गई।जिसमें आस्था का सैलाब देखने को मिला।सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना का दौर चला पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर से पूजा-अर्चना आरती के साथ शोभायात्रा निकाली गई। सुसज्जित रथ पर विराजमान भगवान हनुमान की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। जगह-जगह भजन-कीर्तन ढोल-नगाड़ों एवं डीजे की धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।

यात्रा नगर के बाखर मुहल्ला बड़कुर मुहल्ला सोनीपुरा बस स्टैंड खेरापति मंदिर से प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई जहां जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए थे। सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कई स्थानों पर प्रसादी वितरण एवं शीतल जल की व्यवस्था भी की गई।शोभा यात्रा में युवाओं की टोली केसरिया पगड़ी मे विशेष उत्साह के साथ शामिल हुई वहीं बच्चों की भी बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली।

### हनुमान मंदिर में महाआरती प्रसाद वितरण के साथ शोभा यात्रा का समापन किया गया।

बजरंग दल ने किया धर्म सभा का आयोजन तेंदूखेड़ा के मंगल भवन में बजरंग दल और विश्वहिंदू परिषद के द्वारा धर्म सभा का आयोजन किया तथा नगर के मुख्य मार्गों से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें दुर्गा वाहिनी की बहिनों द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग लिया। अलग-अलग स्वरुपों में घोड़ों पर सवार बहिनें आकर्षण का केंद्र बनीं रहीं। जिसमें दोनों संगठनों के पदाधिकारियों क्षेत्रीय और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और हिन्दू समाज को संगठित रहने की बात कही।